(ख) इस संबंध में अब तक पूरे किए गए कार्यों का तथा उन कार्यों का ब्यौरा क्या है जिन्हें भविष्य में पूरा किया जाएगा; और

(ग) इन योजनाओं की कुल लागत कितनी है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ग) समाधि को 30 लाख रु० की अनुमानित लागत पर दो चरणों में विकसित करने का प्रस्ताव है। प्रथम चरण, जिसमें वास्तविक समाधि का निर्माण ग्रेनाइटयुक्त परिसज्जा तथा समाधि के आसपास के क्षेत्र का भराव शामिल है, दिसंबर, 1990 में पूरा कर लिया गया था।

विकास का द्वितीय चरण दो भागों में पूरा होगा। प्रथम भाग में समाधि के चारों तरफ़ भूदृश्य, मौजूदा हौदी का भराव, अति विशिष्ट व्यक्तियों तथा साधारण जनता के उपयोग के लिये प्रवेश-मार्गों का पत्थरयुक्त निर्माण शामिल होगा और इसे शीघ्र ही आरंभ करने तथा नवंबर, 1991 तक पूरा करने की संभावना है।

दूसरे भाग में जल निकास व्यवस्था में परिवर्तन तथा मौजूदा हौदियों/तालाबों का उपयुक्त ढंग से पुनस्थापन और चौपाल, शौचालय खंड, पुस्तकों की दुकान, कार-पार्किंग, प्रवेश द्वार इत्यादि का निर्माण शामिल होगा। कार्य की ये मदें जनवरी, 1992 में आरंभ करने तथा मई, 1992 में पूरा करने की संभावना है।

Review of Agricutural Price Policy

4. SHRI DEBABRATA BISWAS: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government propose to review the agricultural price policy; and

(b) it so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPP ALLY RAMACHANDRAN): (a) and (b) The Government reviews the price policy for major Kharif and Rabi crops every year after considering the recommendations of the Commission for Agricultural Costs and Prices. The price policy for kharif crops of 1991-92 is under consideration.

इलाहाबाद से वाराणसी के बीच छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में बदलना

5. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत इलाहाबाद से वाराणसी के बीच बिछी छोटी रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक क्रियान्वित हो जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) और (ख) पूर्वोत्तर रेलवे पर इलाहाबाद से वाराणसी तक मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए एक प्रस्ताव योजना आयोग के पास अनुमोदनार्थ भेजा गया है। योजना आयोग का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद— ही इस कार्य को मंजूरी देने के बारे में विचार किया जा सकता है।

Conversion of Nadiad — Kapatlvanj Railway Line

6. SHRI VITHALBHAI M. PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state

(a) whether it is a fact that the work of conversion of Nadiad-Kapa-dvanj narrow gauge line into broad gauge line and construction of the proposed Nadia-Kapadvani-Modasa